सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-277
25/06/2017

मुख्यमंत्री ने स्व0 देवनंदन प्रसाद उर्फ देवा सिंह के श्राद्ध कार्यक्रम भाग लिया

पटना, 25 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज औरंगाबाद जिला के बारून प्रखण्ड स्थित श्री सुनील कुमार जी के आवास पर पहुॅचे एवं केशव सिंह और फिर स्व0 देवनंदन प्रसाद एर्फ देवा सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुये शोक जताया। मुख्यमंत्री ने स्व0 देवनंदन प्रसाद उर्फ देवा सिंह के परिजनों से बात की और सांत्वना देते हुये कहा कि यह उनके लिये व्यक्तिगत क्षति है। वे जब भी बारूण आते थे, उन्हें पूरा सहयोग एवं साथ मिलता था। इस दौरान महागठबंधन के सभी स्थानीय नेता मौजूद थे। स्व0 देवनंदन प्रसाद उर्फ देवा सिंह के सुपुत्र श्री सुनील कुमार, डॉ0 धर्मेन्द्र, ई0 संजीव कुमार, श्री मनीष कुमार उर्फ मंटू, सुपुत्री डॉ0 नीलम, श्रीमती इंदु देवी, श्रीमती मंजू देवी उपस्थित थे।

******